बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

पत्रांक–प्र022 / भ0वि0वि0–36 / 24– 10343(वि) दिनांक– 02/11/26

प्रेषक,

असीम कुमार,
अभियंता प्रमुख (विद्युत),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

सेवा में,

सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग ।

विषय– अपने क्षेत्राधीन विभिन्न भवनों में अधिष्ठापित लिफ्टों के सम्पोषण एवं मरम्मति कार्य के संबंध में ।

प्रसंग– इस कार्यालय का पत्रांक–625 (वि), दिनांक–29.09.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के द्वारा अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक–24.09.2026 एवं 25.09.2026 को हुई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही प्रतिवेदन संलग्न करते हुए संसूचित किया गया है कि तत्संबंधी बैठक में लिफ्ट के सम्पोषण एवं मरम्मति का कार्य संबंधित एजेंसी तथा OEM के साथ सम्पन्न किये जाने का निर्णय लिया गया है ।

उल्लेखनीय है कि लिफ्ट के सम्पोषण एवं मरम्मति का कार्य scope of work के अनुरूप किया जाना अपेक्षित है ।

अतएव, उक्त के अनुक्रम में scope of work की प्रति संलग्न करते हुए निदेशित किया जाता है कि अपने क्षेत्राधीन विभिन्न भवनों में अधिष्ठापित लिफ्टों के रख–रखाव का कार्य scope of work के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित करें । साथ ही, लिफ्ट के सम्पोषण एवं मरम्मति का कार्य लिफ्ट कम्पनी के साथ OEM का एकरारनामा कर किया जाय। यदि संबंधित लिफ्ट कम्पनी के साथ मात्र एक वर्ष के लिए OEM का एकरारनामा किये जाने में कठिनाई होती है, तो उक्त कार्य की निविदा एक वर्ष के स्थान पर पाँच वर्ष के लिए किया जाय, ताकि लिफ्ट के संबंध में किसी प्रकार की विषम परिस्थिति उत्पन्न नहीं हो ।

अनु0–यथोक्त ।

विश्वासभाजन,

30/10/26

(असीम कुमार)
अभियंता प्रमुख (विद्युत),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

142

24.09.2026 एवं 25.09.2026 को अभियंता प्रमुख (विद्युत), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की ...ता में लिफ्ट से संबंधित कार्य हेतु आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही –

---

उपस्थिति – सूंची संलग्न ।

अभियंता प्रमुख (विद्युत), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–24.09.2026 एवं 25.09.2026 को आयोजित बैठक में विभागान्तर्गत सभी विद्युत भवन प्रमंडलों के अधीन लिफ्ट के सम्पोषण एवं मरम्मति से संबंधित कार्य की समीक्षा की गयी ।

बैठक के क्रम में सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता के द्वारा सूचित किया गया कि संबंधित सम्वेदक के द्वारा लिफ्ट की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन के साथ ही सम्पोषण एवं मरम्मति का भी कार्य सम्पन्न किया जाता है । साथ ही, उनके द्वारा ही लिफ्ट ऑपरेटर भी नियुक्त किया जाता है ।

विभिन्न आवासीय/गैर आवासीय भवनों में अधिष्ठापित लिफ्टों की समीक्षा के क्रम में सभी विद्युत कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि लिफ्ट के सम्पोषण एवं मरम्मति का कार्य व्यक्तिगत अभिरूचि के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध किया जाय, ताकि लिफ्ट के संबंध में किसी प्रकार की विषम परिस्थिति उत्पन्न नहीं हो ।

उक्त के संदर्भ में सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि लिफ्ट की सम्पोषण एवं मरम्मति का कार्य संबंधित एजेंसी तथा OEM के साथ सम्पन्न किया जाय, ताकि लिफ्ट का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके । साथ ही, संबंधित विद्युत अधीक्षण अभियंता को यह भी निदेश दिया गया कि त्रुटिरहित लिफ्टों के परिचालनार्थ अपने अंचलान्तर्गत सभी विद्युत कार्यपालक अभियंताओं के साथ प्रत्येक पन्द्रह दिनों के अंतराल पर बैठक/समीक्षा करें एवं उक्त का पर्यवेक्षण स्व–स्तर से करना सुनिश्चित किया जाय ।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई ।

ह0/–
(असीम कुमार)
अभियंता प्रमुख (विद्युत)
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

ज्ञापांक– 625 (60) दिनांक– 29/9/26

प्रतिलिपि–सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग/सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

29/9/26
(असीम कुमार)
अभियंता प्रमुख (विद्युत)
–सह–
मुख्य विद्युत अभियंता–1,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।